दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद का छब्बीस दिनों तक चलने वाला शीतकालीन सत्र आज से शुरु होगा। सरकार ने कहा– सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए हैं तैयार।

02. बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र भी आज से शुरू हो रहा है। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

04. और, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में पटना के राजन कुमार ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।

———————————————————————————

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु होगा। छब्बीस दिनों तक चलनेवाले इस सत्र में उन्नीस बैठकें होंगी। हालांकि कल, छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी। संविधान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां छब्बीस नवंबर उन्नीस सौ उनचास को संविधान को अंगीकार किया गया था। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इससे पहले, संसद के दोनों सदनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में विचार–विमर्श के लिए नई दिल्ली में कल सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन में सहयोग करने की अपील की।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। आज पहले दिन राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। इसके अलावा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी जाएगी। छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को राजकीय विधेयक पेश होंगे। अट्ठाईस नवम्बर को चर्चा के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक पारित होगा। उनतीस नवम्बर को अनुपूरक बजट

पर सामान्य चर्चा होगी। इधर, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र के सुचारू संचालन को लेकर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों से सहयोग की अपील की है।

———————————————————————————

शीतकालीन सत्र को लेकर राजद, विधानमंडल दल की आज बैठक होगी। बैठक में पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान सदन में एकजुटता प्रदर्शित करते हुये अपने दल का पक्ष रखने को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होगी। इधर, भाजपा विधानमंडल दल की बैठक कल होगी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में होने वाली इस बैठक में सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में सत्र को लेकर आवश्यक रणनीति तय की जायेगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों में पहली बार वैश्विक सहकारी सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर वर्ष दो हजार पच्चीस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा भी की जायेगी। इस दौरान श्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – दो हजार पच्चीस पर स्मारक टिकट जारी करेंगे। इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन की स्थापना 1895 में हुई थी। यह दुनिया भर में 30 लाख सहकारी उद्यमों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें एक अरब से अधिक सहकारी सदस्य हैं। छह दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में दुनिया भर के सहकारी समितियां विभिन्न कार्यक्रमों और चर्चाओं में भाग लेंगे। इसमें लगभग 3000 विदेशी और भारतीय प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस सम्मेलन का विषय है–सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण। इस सम्मेलन में सभी के लिए सामूहिक शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के निर्माण में सहकारी समितियां की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

प्रदेश में एक हजार छह सौ आठ पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव कल होंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। प्रथम चरण में एक करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से उन्नीस हजार आठ सौ पच्चीस मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इस चरण की मतगणना सत्ताईस नवम्बर को होगी।

इधर, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि जिन पैक्स के चुनाव स्थगित किये गये हैं, वहां भरे गये नामांकन पत्र आगे भी वैध रहेंगे। यदि कोई व्यक्ति किसी पद के लिए नये सिरे से नामांकन दाखिल करना चाहता है, तो वह कर सकता है। प्राधिकार ने कहा है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की जांच के बाद इन पैक्सों में चुनाव होंगे।

—————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में पटना के मोकामा के मरांची ताजपुर निवासी राजन कुमार ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राजन ने आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है।

—————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के क्षेत्र के कारण राज्य में अगले दो से तीन दिनों में ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने कहा है कि कम दबाव का क्षेत्र बनने से उत्तर पछुआ हवा की गति तेज होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। विभाग के अनुसार अभी उत्तर बिहार में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है जबकि दक्षिण बिहार में दिन का तापमान सामान्य से नीचे और रात का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है।

—————————————————————————

प्रदेश में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार राज्य का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई तीन सौ अस्सी दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ उनचास, किशनगंज का तीन सौ तीस और बक्सर का तीन सौ उनतीस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का एक्यूआई दो सौ नब्बे रहा।

—————————————————————————

कटिहार के गढ़वाल मैदान में आज से तीन प्रमंडलों कोसी, पूर्णियां और भागलपुर के लिए अग्निवीर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। चार दिसम्बर तक चलने वाली इस भर्ती रैली में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया जायेगा। स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह जिलों से लगभग छह हजार अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे।

—————————————————————————

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आज महिला और बाल विकास मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली से एक

राष्ट्रीय अभियान अब कोई बहाना नहीं की शुरूआत करेगा। इस अभियान में जनता, सरकार और प्रमुख हितधारकों से महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश में हाथ से मैला ढोने वाले सफाईकर्मियों और अस्वास्थ्यकर शौचालयों की पहचान के लिए सर्वे किया जायेगा। नगर विकास और आवास विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार अनुपयुक्त शौचालयों के लिए ग्यारह दिसम्बर से अट्ठाईस दिसम्बर तक सर्वे किया जायेगा। वहीं, हाथ से मैला ढ़ोने वाले लोगों को चिन्हित करने के लिए अगले वर्ष फरवरी महीने में सर्वेक्षण अभियान चलेगा। ये लोग प्रखंड के बीडीओ कार्यालय या शहरी क्षेत्रों के निकाय कार्यालय में सम्पर्क कर सर्वेक्षण एप पर जानकारी अपलोड करा सकते हैं।

———————————————————————

पंजाब के कपूरथला स्थित एक आलू फार्म हाउस में बंधक बनाये गये सीतामढ़ी के नौ मजदूरों को पुलिस ने मुक्त करा लिया है। ये सभी जिले के सुरसंड प्रखंड के मेघपुर गांव के रहने वाले हैं। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि दिल्ली स्थित प्रवासी श्रमिक कोषांग के पदाधिकारियों ने पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क कर सभी श्रमिकों को मुक्त कराया है। इनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं।

———————————————————————

पुलिस महानिदेशक आलोक राज के निर्देश पर शनिवार की रात सभी जिलों में चलाये गये वाहन जांच अभियान के दौरान पांच लाख चौवालीस हजार छह सौ साठ वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान दो करोड़ पचपन लाख रूपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गयी। वहीं, दो सौ निन्यानवे वाहन जब्त किये गये और एक हजार एक सौ सत्तर व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय के पचम्बा स्थित जीविका दीदी के सिलाई घर में जीविका दीदी कौशल सह उत्पादन केन्द्र का उद्घाटन किया।

———————————————————————

शेखपुरा की प्रभारी मंत्री शीला मंडल ने नगर क्षेत्र के लाल बाग मोहल्ले में नव निर्मित वृद्धाश्रम का उद्घाटन किया। वृद्धाश्रम में पचास बुजुर्गों के लिए रहने, खाने, मनोरंजन, सेवा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्था उपलब्ध है।

———————————————————————

खगड़िया पुलिस ने कुख्यात ईनामी अपराधी अर्जुन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के अलग–अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास और रंगदारी के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

पटना के दीदारगंज चेक पोस्ट के पास पुलिस ने एक कंटेनर से पन्द्रह लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी के पास से उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से ग्यारह सौ लीटर शराब के साथ चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान लिखता है– अवैध खनन पर चोट, पन्द्रह लाख सीएफटी बालू जब्त।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– अट्ठाईस को चौथी बार झारखंड के सीएम पद की शपथ लेंगे हेमंत सोरेन। आज हो सकता है महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम का फैसला।

प्रभात खबर लिखता है– दिल्ली से भी खराब हुई राज्य की हवा, कटिहार सबसे अधिक प्रदूषित शहर।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– एक अप्रैल से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के पचपन लाख उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली।

दैनिक आज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को प्रमुखता देते हुए लिखा है – गोपालगंज के प्रयोग लाइब्रेरी की मोदी ने प्रशंसा की।

राष्ट्रीय सहारा समेत सभी समाचार पत्रों ने आज से शुरू हो रहे बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. संसद का छब्बीस दिनों तक चलने वाला शीतकालीन सत्र आज से शुरु होगा। सरकार ने कहा– सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए हैं तैयार।

02. बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र भी आज से शुरू हो रहा है। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

04. और, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में पटना के राजन कुमार ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।